# UGC NET 2021 Hindi SH1

Topic:- Hindi_SH1_Set1_A

1) निम्नलिखित में से कौन सा तद्भव शब्द नहीं है?

(1) राय (2) खेत

(3) दाहिना (4) कवि

**[Question ID = 1][Question Description = Q1_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 1]
2. 2 [Option ID = 2]
3. 3 [Option ID = 3]
4. 4 [Option ID = 4]

2) निम्नलिखित में से कौन सी भाषा आर्यभाषाओं में शामिल नहीं है?

(1) यूनानी (2) लैटिन

(3) फारसी (4) अरबी

**[Question ID = 2][Question Description = Q2_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 5]
2. 2 [Option ID = 6]
3. 3 [Option ID = 7]
4. 4 [Option ID = 8]

3) निम्नलिखित में से किसके मतानुसार इतिहास की व्याख्या द्वन्द्वात्मक पद्धति के आधार पर होनी चाहिए?

(1) तेन (2) हीगल

(3) विको (4) वॉल्टेयर

**[Question ID = 3][Question Description = Q3_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 9]
2. 2 [Option ID = 10]
3. 3 [Option ID = 11]
4. 4 [Option ID = 12]

4) निम्नलिखित में से कौन 'चंदनबालारास' के रचयिता हैं?

(1) जिनधर्मसूरि (2) सुमति गण

(3) मुनि जिनविजय (4) आसगु

**[Question ID = 4][Question Description = Q4_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 13]
2. 2 [Option ID = 14]
3. 3 [Option ID = 15]
4. 4 [Option ID = 16]

5) निम्नलिखित में से कौन निर्गुण भक्तिकाव्य के कवि **नहीं** हैं?

(1) मलूक दास (2) बाबा लाल दास

(3) ईश्वरदास (4) सुंदरदास

**[Question ID = 5][Question Description = Q5_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 17]
2. 2 [Option ID = 18]
3. 3 [Option ID = 19]
4. 4 [Option ID = 20]

6) 'भाषाभूषण' का विवेच्य है –

(1) छंद (2) अलंकार

(3) रस (4) ध्वनि

**[Question ID = 6][Question Description = Q6_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 21]
2. 2 [Option ID = 22]
3. 3 [Option ID = 23]
4. 4 [Option ID = 24]

7) रामचंद्र शुक्ल के अनुसार इंशाअल्ला खाँ ने अपनी भाषा को किस प्रकार के शब्दों से मुक्त रखने की प्रतिज्ञा **नहीं** की थी?

(1) बाहर की बोली (2) गँवारी

(3) भाखापन (4) तत्सम

**[Question ID = 7][Question Description = Q7_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 25]
2. 2 [Option ID = 26]
3. 3 [Option ID = 27]

4. 4 [Option ID = 28]

8) "सुंदरता का आलोकस्रोत है फूट पड़ा मेरे मन में।
जिससे नवजीवन का प्रभात होगा फिर जग के आँगन में।।"

उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं –

(1) जयशंकर प्रसाद (2) सुमित्रानंदन पंत

(3) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (4) महादेवी वर्मा

**[Question ID = 8][Question Description = Q8_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 29]
2. 2 [Option ID = 30]
3. 3 [Option ID = 31]
4. 4 [Option ID = 32]

9) निम्नलिखित में से किस आचार्य ने 'रीति' का एक भेद 'आवन्ती' को माना है?

(1) भामह (2) वामन

(3) कुन्तक (4) भोजराज

**[Question ID = 9][Question Description = Q9_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 33]
2. 2 [Option ID = 34]
3. 3 [Option ID = 35]
4. 4 [Option ID = 36]

10) 'शब्दार्थयोर्यथावत्सहभावेन विद्या साहित्यविद्या' किसका कथन है?

(1) कुंतक (2) राजशेखर

(3) भोजराज (4) विश्वनाथ

**[Question ID = 10][Question Description = Q10_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 37]
2. 2 [Option ID = 38]
3. 3 [Option ID = 39]
4. 4 [Option ID = 40]

11) टॉमस स्टर्न्स इलियट के अनुसार पंरपरा –

(1) संस्कृति का अंश नहीं है। (2) निर्जीव होती है।

(3) अनुपयोगी है। (4) जीवित संस्कृति का एक अंश है।

**[Question ID = 11][Question Description = Q11_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 41]
2. 2 [Option ID = 42]
3. 3 [Option ID = 43]
4. 4 [Option ID = 44]

12) 'अण्डर स्टैंडिंग पोइट्री' पुस्तक के लेखक हैं :

(1) एलेन टेट (2) टिलियर्ड

(3) क्लींथ ब्रुक्स (4) सर विलियम एम्पसन

**[Question ID = 12][Question Description = Q12_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 45]
2. 2 [Option ID = 46]
3. 3 [Option ID = 47]
4. 4 [Option ID = 48]

13) निम्नलिखित में से किस का संबंध मनोविश्लेषणवाद से **नहीं** है?

(1) कामवृत्ति (2) पाठ संरचना

(3) अहम् (4) मनोविश्लेषण पद्धति

**[Question ID = 13][Question Description = Q13_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 49]
2. 2 [Option ID = 50]
3. 3 [Option ID = 51]
4. 4 [Option ID = 52]

14) निम्नलिखित में से कौन-सा विद्वान अस्तित्ववाद का चिन्तक **नहीं** है?

(1) अल्बर्ट कामू (2) एज़रा पाउंड

(3) मार्टिन हेडगर (4) ज्यां-पॉल सार्त्र

**[Question ID = 14][Question Description = Q14_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 53]
2. 2 [Option ID = 54]
3. 3 [Option ID = 55]
4. 4 [Option ID = 56]

15) चन्दबरदाई ने 'पृथ्वीराज रासो' में निम्नलिखित में से मुख्यतया किस छन्द का प्रयोग किया है?

(1) अरिल्ल (2) पद्धड़िया

(3) कवित्त (4) सवैया

**[Question ID = 15][Question Description = Q15_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 57]
2. 2 [Option ID = 58]
3. 3 [Option ID = 59]
4. 4 [Option ID = 60]

**16)**

ब्रजभाषा गद्य में लिखी हुई टीकाओं की सूची में कौन सी असंगत है?

(1) बिहारी सतसई की टीका – भगवान दीन (2) कविप्रिया की टीका – हरिचरण दास

(3) रामचंद्रिका की टीका – जानकीप्रसाद (4) रसिकप्रिया की टीका – ईश्वरीप्रसाद नारायण

**[Question ID = 16][Question Description = Q16_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 61]
2. 2 [Option ID = 62]
3. 3 [Option ID = 63]
4. 4 [Option ID = 64]

**17)**

तपै लागि अब जेठ असाढ़ी। मोहि पिउ बिन छाजनि भइ गाढ़ी।।
तन तिनउर भा, झूरौं खरी। भइ बरखा, दुख आगरि जरी।।

इस पूरे कड़वक में नागमती की विरह-दशा के बारे में यह विचार किसका है?

''यह आशिक माशूकों का निर्लज्ज प्रलाप नहीं है; यह हिन्दू गृहिणी की विरहवाणी है। इसका सात्विक मर्यादापूर्ण माधुर्य मनोहर है।''

(1) चन्द्रबली पांडेय (2) रामचंद्र शुक्ल

(3) माताप्रसाद गुप्त (4) श्याम मनोहर पांडेय

**[Question ID = 17][Question Description = Q17_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 65]
2. 2 [Option ID = 66]
3. 3 [Option ID = 67]
4. 4 [Option ID = 68]

**18)**

'कै बिरहिन कूँ मींच दे, कै आपा दिखलाइ।
आठ पहर का दाझणाँ, मौपे सहा न जाइ।।'

इन पंक्तियों में प्रेम की किस स्थिति का वर्णन हुआ है?

(1) विरह की अतिशयता (2) प्रेम की सामान्य स्थिति

(3) प्रिय की निष्ठुरता (4) उपालंभ

**[Question ID = 18][Question Description = Q18_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 69]
2. 2 [Option ID = 70]
3. 3 [Option ID = 71]
4. 4 [Option ID = 72]

**19)**

तो पर वारौं उरबसी, सुनि, राधिके सुजान।
तू मोहन कैं उर बसी ह्वै उरबसी-समान।।

इस दोहे में सखी राधा से क्या कह रही है?

(1) राधा के रूप की तारीफ कर नायक से प्रेम करने के लिए उत्कंठित करती है।

(2) नायक की बेवफाई के कारण उससे दूर रहने की सलाह देती है।

(3) नायक की धृष्टता के कारण मान करने को कहती है।

(4) राधा के रूप की तारीफ़ करके उसका मान छुड़ाती है।

**[Question ID = 19][Question Description = Q19_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 73]
2. 2 [Option ID = 74]
3. 3 [Option ID = 75]
4. 4 [Option ID = 76]

**20)**

'हम राज्य लिए मरते हैं।
सच्चा राज्य परन्तु हमारे कर्षक ही करते हैं।'

इस प्रसंग में उर्मिला का कौन-सा विचार सही **नहीं** है?

(1) सामंती समाज में स्त्रियाँ मर्यादा के नाम पर घर की चारदीवारी में कैद होती हैं।

(2) किसान स्त्रियाँ अपने पतियों के साथ स्वतंत्रतापूर्वक विचरण करती हैं।

(3) किसान राज-समाज से अधिक सुखी हैं।

(4) राज्य-सुख भाग्यशाली लोगों को प्राप्त होता है।

**[Question ID = 20][Question Description = Q20_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 77]
2. 2 [Option ID = 78]
3. 3 [Option ID = 79]
4. 4 [Option ID = 80]

21)
'मुख-कमल समीप सजे थे
दो किसलय से पुरइन के
जलबिन्दु सदृश ठहरे कब
उन कानों में दुख किनके?'

इस छन्द में प्रेयसी के किस गुण या प्रवृत्ति का वर्णन हुआ है?

(1) प्रेयसी रूपवती है।
(2) प्रेयसी के लिए प्रयुक्त उपमान नये हैं।
(3) प्रेयसी निर्दय है।
(4) प्रेयसी प्रिय के प्रति अनुकूल है।

**[Question ID = 21][Question Description = Q21_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 81]
2. 2 [Option ID = 82]
3. 3 [Option ID = 83]
4. 4 [Option ID = 84]

22)
पुरुरवः! पुनरस्तं परेहि,
दुरापना वात इवाहमस्मि।

'उर्वशी' का तृतीय अंक इस बीज-भाव पर केंद्रित है। इसका स्रोत है -

(1) ऋग्वेद
(2) यजुर्वेद
(3) तैत्तिरीय उपनिषद्
(4) ब्रह्मवैवर्त पुराण

**[Question ID = 22][Question Description = Q22_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 85]
2. 2 [Option ID = 86]
3. 3 [Option ID = 87]
4. 4 [Option ID = 88]

23)
'हाय! रुक गया यहीं संसार
बना सिंदूर अँगार!
वात हत लतिका वह सुकुमार
पड़ी है छिन्नाधार!!'

इस काव्यांश का प्रतिपाद्य है-

(1) स्त्री स्वावलंबी है।
(2) पुरुष के बिना स्त्री का कोई अस्तित्व नहीं है।
(3) स्त्री के बिना पुरुष अधूरा है।
(4) स्त्री-पुरुष स्वच्छंद हैं।

**[Question ID = 23][Question Description = Q23_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 89]
2. 2 [Option ID = 90]
3. 3 [Option ID = 91]
4. 4 [Option ID = 92]

24)
'शिवपालगंज' गांव का चित्रण किस उपन्यास में किया गया है?

(1) राग दरबारी
(2) आधा गांव
(3) जुलूस
(4) बलचनमा

**[Question ID = 24][Question Description = Q24_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 93]
2. 2 [Option ID = 94]
3. 3 [Option ID = 95]
4. 4 [Option ID = 96]

25)
स्वाधीनता प्राप्ति से पूर्व पंजाब में पैदा हुए सांप्रदायिक तनाव और उससे जुड़ी क्रूरताओं का अंकन किस उपन्यास में किया गया है?

(1) कड़ियां
(2) तमस
(3) झरोखे
(4) बसन्ती

**[Question ID = 25][Question Description = Q25_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 97]
2. 2 [Option ID = 98]
3. 3 [Option ID = 99]
4. 4 [Option ID = 100]

26)
''बड़े आदमियों को अपनी नाक दूसरों की जान से प्यारी होगी, हमें तो अपनी नाक इतनी प्यारी नहीं।''
यह 'गोदान' के किस पात्र की भावाभिव्यक्ति है?

(1) धनिया
(2) झुनिया
(3) सिलिया
(4) पटेश्वरी

**[Question ID = 26][Question Description = Q26_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 101]
2. 2 [Option ID = 102]
3. 3 [Option ID = 103]
4. 4 [Option ID = 104]

27) निम्नलिखित में से किस उपन्यास में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत के आर्थिक शोषण और लूट का यथार्थ चित्रण हुआ है?

(1) वामा शिक्षक (2) परीक्षा गुरु

(3) नूतन ब्रह्मचारी (4) श्यामा स्वप्न

**[Question ID = 27][Question Description = Q27_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 105]
2. 2 [Option ID = 106]
3. 3 [Option ID = 107]
4. 4 [Option ID = 108]

28) 'परिन्दे' संग्रह में संकलित कहानियों की संख्या है –

(1) नौ (2) पांच

(3) सात (4) तेरह

**[Question ID = 28][Question Description = Q28_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 109]
2. 2 [Option ID = 110]
3. 3 [Option ID = 111]
4. 4 [Option ID = 112]

29) निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी 'ठुमरी' कहानी संग्रह में **नहीं** है?

(1) आदिमरात्रि की महक (2) पंचलाइट

(3) तीसरी कसम (4) रसप्रिया

**[Question ID = 29][Question Description = Q29_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 113]
2. 2 [Option ID = 114]
3. 3 [Option ID = 115]
4. 4 [Option ID = 116]

30) 'चंद्रदेव से मेरी बातें हिंदी साहित्य की पहली कहानी थी जिसने अपने समय की राजनीति और अर्थनीति को केंद्रीय कथ्य बनाया। – यह किसका कथन है?

(1) देवीशंकर अवस्थी (2) मधुरेश

(3) नामवर सिंह (4) भवदेव पांडेय

**[Question ID = 30][Question Description = Q30_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 117]
2. 2 [Option ID = 118]
3. 3 [Option ID = 119]
4. 4 [Option ID = 120]

31) 'भारत-दुर्दशा' के आखिरी अंक में 'भारतभाग्य' क्या करता है?

(1) भारत को जगाता है। (2) भारत के हतभाग्य पर क्रोधित होता है।

(3) घायल भारत को छोड़कर चला जाता है। (4) भारत के सीने में कटार से आघात करता है।

**[Question ID = 31][Question Description = Q31_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 121]
2. 2 [Option ID = 122]
3. 3 [Option ID = 123]
4. 4 [Option ID = 124]

32) 'चन्द्रगुप्त' नाटक में किस चरित्र की बात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चाणक्य ने कहा था –
"मेरे पास पाणिनि में सिर खपाने का समय नहीं। भाषा ठीक करने से पहले मैं मनुष्यों को ठीक करना चाहता हूँ।"

(1) राक्षस (2) सिंहरण

(3) एनिसाक्रीटीज (4) वररुचि

**[Question ID = 32][Question Description = Q32_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 125]
2. 2 [Option ID = 126]
3. 3 [Option ID = 127]
4. 4 [Option ID = 128]

33) 'किसी वस्तु के प्रत्यक्ष ज्ञान या भावना से हमारी अपनी सत्ता के क्रोध का जितना ही अधिक तिरोभाव और हमारे मन की उस वस्तु के रूप में जितनी ही पूर्ण परिणति होगी उतनी ही बढ़ी हुई हमारी सौंदर्य की अनुभूति कही जायेगी।' – यह कथन किसका है?

(1) नगेन्द्र (2) नलिन विलोचन शर्मा

(3) रामचंद्र शुक्ल (4) बालकृष्ण भट्ट

**[Question ID = 33][Question Description = Q33_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 129]
2. 2 [Option ID = 130]
3. 3 [Option ID = 131]
4. 4 [Option ID = 132]

34)

'जितनी सफलता भारतेन्दु युग के लेखकों को निबंध-रचना में मिली उतनी कविता और नाटक में नहीं मिली? – यह कथन किसका है?

(1) रामचंद्र शुक्ल (2) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(3) रामविलास शर्मा (4) नंद दुलारे वाजपेयी

**[Question ID = 34][Question Description = Q34_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 133]
2. 2 [Option ID = 134]
3. 3 [Option ID = 135]
4. 4 [Option ID = 136]

35)

'कविता क्या है' निबंध चिंतामणि के किस भाग में संकलित है?

(1) चिंतामणि भाग 1 (2) चिंतामणि भाग 2

(3) चिंतामणि भाग 3 (4) चिंतामणि भाग 4

**[Question ID = 35][Question Description = Q35_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 137]
2. 2 [Option ID = 138]
3. 3 [Option ID = 139]
4. 4 [Option ID = 140]

36) विष्णुकांत शास्त्री के संस्मरण 'सुधियाँ उस चंदन के वन की' का शीर्षक किस कवि की कविता से प्रेरित है?

(1) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (2) रघुवीर सहाय

(3) गिरिजाकुमार माथुर (4) कीर्ति चौधरी

**[Question ID = 36][Question Description = Q36_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 141]
2. 2 [Option ID = 142]
3. 3 [Option ID = 143]
4. 4 [Option ID = 144]

37)

''तुम्हारा 'पथेर दाबी' पढ़ लिया। पुस्तक उत्तेजक है, अर्थात् अंग्रेजी शासन के विरुद्ध पाठकों के मन को अप्रसन्न करती है।''

'आवारा मसीहा' में यह किसका कथन है?

(1) शरत्चंद्र चट्टोपाध्याय (2) रवींद्रनाथ टैगोर

(3) द्विजेंद्रलाल राय (4) भूपेंद्रनाथ बंद्योपाध्याय

**[Question ID = 37][Question Description = Q37_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 145]
2. 2 [Option ID = 146]
3. 3 [Option ID = 147]
4. 4 [Option ID = 148]

38) निम्नलिखित में से कौन सा पात्र 'मुर्दहिया' के रचनाकार के परिवार से संबंधित नहीं है?

(1) मुन्नर (2) सोम्मर

(3) सुदेस्सर (4) मुन्नेसर

**[Question ID = 38][Question Description = Q38_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 149]
2. 2 [Option ID = 150]
3. 3 [Option ID = 151]
4. 4 [Option ID = 152]

39)

'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' में लेखक ने अपने पिता के किस प्रकार के गीता-वाचन का उल्लेख किया है?

(1) सस्वर वाचन (2) गुनगुनाकर

(3) मौन रहकर (4) ऊँचे स्वर में

**[Question ID = 39][Question Description = Q39_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 153]
2. 2 [Option ID = 154]
3. 3 [Option ID = 155]
4. 4 [Option ID = 156]

40)

मैं चाहता हूँ कि साहित्य-संबंधी धारणाएँ वास्तविक साहित्य में विश्लेषण के आधार पर बनायी जाएँ।'' ये पंक्तियाँ 'एक साहित्यिक की डायरी' के किस प्रकरण से ली गयी हैं?

(1) एक लंबी कविता का अंत (2) कलाकार की व्यक्तिगत ईमानदारी

(3) तीसरा क्षण (4) एक मित्र की पत्नी का प्रश्न चिह्न

**[Question ID = 40][Question Description = Q40_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 157]
2. 2 [Option ID = 158]
3. 3 [Option ID = 159]
4. 4 [Option ID = 160]

41) निम्नलिखित में से क्या-क्या केशवदास के बारे में सही है?

(A) वे इंद्रजीत सिंह के दरबारी कवि थे।

(B) इनकी कविता में अलंकारों का प्रयोग बहुत कम हुआ है।

(C) इन्होंने केवल चौपाई छंद में लिखा है।

(D) इनकी कृति 'वीरसिंहदेव चरित' है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए :

(1) (A) और (B) (2) (B) और (C)

(3) (C) और (D) (4) (A) और (D)

**[Question ID = 41][Question Description = Q41_Hindi_SH1_Set1_A]**
1. 1 [Option ID = 161]
2. 2 [Option ID = 162]
3. 3 [Option ID = 163]
4. 4 [Option ID = 164]

42)
रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'शिवसिंह सरोज' में गिनाए गए ग्रंथ हैं –

(A) रामसतसई

(B) कड़खा रामायण

(C) दोहावली

(D) कवित्त रामायण

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** चुनिए :

(1) (A) और (B) (2) (B) और (C)

(3) (C) और (D) (4) (B) और (D)

**[Question ID = 42][Question Description = Q42_Hindi_SH1_Set1_A]**
1. 1 [Option ID = 165]
2. 2 [Option ID = 166]
3. 3 [Option ID = 167]
4. 4 [Option ID = 168]

43)
लाला श्रीनिवासदास की रचनाएँ हैं –

(A) प्रह्लादचरित

(B) रणधीर और प्रेममोहिनी

(C) नियम निर्घोष

(D) कीर्तिकेतु

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** चुनिए –

(1) (A) और (B) (2) (B) और (C)

(3) (C) और (D) (4) (A) और (D)

**[Question ID = 43][Question Description = Q43_Hindi_SH1_Set1_A]**
1. 1 [Option ID = 169]
2. 2 [Option ID = 170]
3. 3 [Option ID = 171]
4. 4 [Option ID = 172]

44) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के बारे में रामचंद्र शुक्ल की क्या स्थापनाएं हैं?

(A) निराला जी में बहुवस्तुस्पर्शिनी प्रतिभा है।

(B) प्रसाद और पंत की तरह निराला में लाक्षणिक वैलक्षण्य की प्रवृत्ति है।

(C) निराला जी को सामाजिक बंधन पसंद थे।

(D) निराला जी पर बंगभाषा की काव्यशैली का प्रभाव है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** चुनिए –

(1) (A) और (B) (2) (B) और (C)

(3) (A) और (D) (4) (A) और (C)

**[Question ID = 44][Question Description = Q44_Hindi_SH1_Set1_A]**
1. 1 [Option ID = 173]
2. 2 [Option ID = 174]
3. 3 [Option ID = 175]
4. 4 [Option ID = 176]

45) प्रभाववादी आलोचना के संबंध में सही तथ्य कौन से हैं?

(A) प्रभाववादी आलोचना में अवचेतन मन का महत्व होता है।

(B) पद्मसिंह शर्मा की आलोचना पद्धति प्रभाववादी आलोचना है।

(C) आलोचक स्वयं एक प्रकार की रचना करने लगता है।

(D) सहृदय आलोचक काव्य-कृति को पढ़कर प्रभाव ग्रहण करता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** चुनिए –

(1) (A) और (B) (2) (B) और (C)

(3) (A) और (C) (4) (B और (D)

**[Question ID = 45][Question Description = Q45_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 177]
2. 2 [Option ID = 178]
3. 3 [Option ID = 179]
4. 4 [Option ID = 180]

46) निम्नलिखित में से कौन-से दो ग्रंथ विशेष रूप से 'रस' से संबंधित हैं?

(A) दशरूपक

(B) काव्यादर्श

(C) साहित्यदर्पण

(D) काव्यालंकार

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए –

(1) (A) और (C) (2) (A) और (B)

(3) (B) और (D) (4) (C) और (D)

**[Question ID = 46][Question Description = Q46_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 181]
2. 2 [Option ID = 182]
3. 3 [Option ID = 183]
4. 4 [Option ID = 184]

47) अमीर खुसरो के बारे में सही तथ्य कौन से हैं?

(A) उनका जन्म पटियाला में हुआ था।

(B) वे निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे।

(C) वे ईरान और भारत के फारसी में लिखनेवाले चोटी के कवियों में एक थे।

(D) उन्होंने कहा था कि मैं हिन्दुस्तान की तूती हूँ। मुझसे कुछ पूछना हो तो फारसी में पूछो।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए –

(1) (A) और (B) (2) (A) और (D)

(3) (B) और (C) (4) (B) और (D)

**[Question ID = 47][Question Description = Q47_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 185]
2. 2 [Option ID = 186]
3. 3 [Option ID = 187]
4. 4 [Option ID = 188]

48) 'प्रिय प्रवास' के संबंध में सही तथ्य हैं –

(A) इसमें हिन्दी के मात्रिक छन्दों का प्रयोग हुआ है।

(B) प्रियप्रवास खड़ी बोली हिन्दी का पहला महाकाव्य है।

(C) इसके छन्दों में तुकान्तता नहीं है।

(D) इसमें 27 सर्ग हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए –

(1) (A) और (C) (2) (B) और (D)

(3) (A) और (D) (4) (B) और (C)

**[Question ID = 48][Question Description = Q48_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 189]
2. 2 [Option ID = 190]
3. 3 [Option ID = 191]
4. 4 [Option ID = 192]

49) निम्नलिखित में से 'राम की शक्तिपूजा' से संबंधित उपयुक्त कथन कौन से हैं?

(A) राम-रावण के अनिर्णीत समर का इतना विराट और उदात्त चित्र अन्यत्र दुर्लभ है।

(B) 'राम की शक्ति पूजा' का उल्लेख श्रीमद्भागवत पुराण में है।

(C) इसमें सूक्ष्मता के अनेक स्तरों पर विचरण करने वाली अर्थ-योजना अप्रतिम है।

(D) इसमें राम एक दैवी चरित्र के रूप में हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए –

(1) (A) और (B) (2) (A) और (D)

(3) (A) और (C) (4) (B) और (D)

**[Question ID = 49][Question Description = Q49_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 193]
2. 2 [Option ID = 194]
3. 3 [Option ID = 195]
4. 4 [Option ID = 196]

**50)** 'गीत फ़रोश' कविता में भवानी प्रसाद मिश्र कहना चाहते हैं कि :

(A) व्यावसायिकता के कारण आज का कवि अपने गीत बेचने के लिए मजबूर है।

(B) आज का कवि 'ग्राहक की मर्जी' के अनुसार गीत लिखने के लिए अभिशप्त है।

(C) कवि केवल खुशी के गीत लिखता है।

(D) कवि शौक से गीत लिखता और बेचता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए –

(1) (A) और (C) (2) (A) और (B)

(3) (B) और (D) (4) (C) और (D)

**[Question ID = 50][Question Description = Q50_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 197]
2. 2 [Option ID = 198]
3. 3 [Option ID = 199]
4. 4 [Option ID = 200]

**51)** निम्नलिखित में से कौन से उपन्यास अमृत लाल नागर द्वारा रचित **नहीं** हैं?

(A) सीमाएं टूटती हैं

(B) एकदा नैमिषारण्ये

(C) शतरंज के मोहरे

(D) कथा कहो उर्वशी

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए –

(1) (A) और (B) (2) (B) और (C)

(3) (C) और (D) (4) (A) और (D)

**[Question ID = 51][Question Description = Q51_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 201]
2. 2 [Option ID = 202]
3. 3 [Option ID = 203]
4. 4 [Option ID = 204]

**52)** निम्नलिखित में से 'मैला आंचल' उपन्यास के पात्र हैं :

(A) कमला

(B) शाहनवाज़

(C) सहदेव मिसर

(D) बलभद्र नारायण

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए –

(1) (A) और (B) (2) (A) और (C)

(3) (B) और (D) (4) (B) और (C)

**[Question ID = 52][Question Description = Q52_Hindi_SH1_Set1_A]**

1. 1 [Option ID = 205]
2. 2 [Option ID = 206]
3. 3 [Option ID = 207]
4. 4 [Option ID = 208]

**53)** 'अज्ञेय' के उपन्यासों के पात्र हैं :

(A) राधिका

(B) भुवन

(C) सरस्वती

(D) प्रशांत

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तर** का चयन कीजिए –

(1) (A) और (B) (2) (B) और (D)